शनिवार, 16 नवम्बर 2019.

**अमर उजाला** **कुशीनगर**

## सिंगल विंडो पोर्टल की दी गई जानकारी

**पडरौना।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को डीएम की अध्यक्षता में सिंगल विंडो पोर्टल का प्रशिक्षण हुआ। इसमें विभागों के अधिकारियों और कई उद्यमियों को प्रशिक्षण दिया गया। डीएम डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सिंगल विंडो पोर्टल में एक उद्यमी को विभिन्न विभागों से जारी होने वाले लाइसेंस, अनापत्तियों और अनुमतियों को बिना किसी विभाग का चक्कर लगाए ही सरलता से आनलाइन कर सकता है। इस पोर्टल से उद्यमियों को जिले मे उद्योग शुरू करने मे आसानी होगी। उद्यमियों को ट्रेनिंग देते हुए उद्योग बंधु प्रशिक्षक अमिताभ बनर्जी एवं निवेश सलाहकार विजय मौर्य आदि ने अधिकारियों और उद्यमियों को इस पोर्टल के बारिकीयों को समझाया। इस दौरान सीडीओ आनंद कुमार, उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एके पाल, जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**पडरौना।** विधान परिषद के लिए गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के तैयारी को लेकर शुक्रवार को डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें संबंधित को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।डीएम डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि खण्ड शिक्षक निर्वाचन नामावली के लिए कुल 1991 आवेदन प्राप्त हुए है। उन्होंने तहसीलवार समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को प्रत्येक दिन बीएलओ के साथ समीक्षा करने और इस कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन नामावलियों हेतु पुनरीक्षण अवधि में प्राप्त फार्मों को 18 कालम में मतदाता सूची तैयार की जाएगी।

Registration Open Class

अप...

किसान पी...

अमर उजाला ब...

सेवरही। स्व. ब... शख्सियत थे, ... आंदोलन में हि... हासिल था। उन... कर्म, कार्य, व्य... आधार पर आज ... देश और किसान... गेंदा सिंह के कृ... हमारे बीच आज... हुए हैं।

ये बातें देव... रमापति राम त्रि... शुक्रवार को कि... सेवरही में गेंदा ... तरफ से आयोजि... एवं पर्यावरण गो... अतिथि संबोधित... कहा कि जनत...

## निवेश मित्र पोर्टल का दिया प्रशिक्षण

बाराबंकी। उद्योग चलाने वाले व्यापारियों की परेशानियों को दूर करने के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट के लोक सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी संदीप गुप्ता ने की। इस दौरान व्यापारियों की बातों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान लखनऊ से आए प्रशिक्षकों ने प्रदेश सरकार द्वारा शुरु किए निवेश मित्र पोर्टल के बारे में प्रशिक्षण दिया।

इस दौरान प्रशिक्षक विनय मौर्या और अमिताभ बनर्जी ने बताया कि व्यापारियों को उद्योग लगाने के लिए अब इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने निवेश मित्र पोर्टल की शुरुआत की है। इसके माध्यम से ऑनलाइन आवेदन से लेकर एनओसी आदि की पूरी कार्रवाई ऑनलाइन होगी। व्यापारी की फाइल किस स्तर पर पहुंची आदि की जानकारी उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी पर मिलेगी। वहीं एडीएम संदीप गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों की किसी भी प्रकार की लंबित शिकायतों का निस्तारण हरहाल किया जाए। और उनकी दिक्कतों का निस्तारण समयाबद्ध तरीके से कराए जाना सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर जिला उद्योग केंद्र, ग्रामोद्योग समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

विधान केसरी

## कलेक्ट्रेट सभागार में दिया गया निवेश व्यवस्था का तकनीकी प्रशिक्षण

बलरामपुर (विधान केसरी)। शासन एवं जिलाधिकारी, बलरामपुर के निर्देश के अनुपालन में दिनांक 04 फरवरी, 2020 को कलेक्ट्रेट सभागार में उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र हर्ष प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सिंगल विण्डो पोर्टल-निवेश मित्र हेतु दिये जाने वाले जिला स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें सभी स्टेक होल्डर्स को निवेश व्यवस्था का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योग बन्धु की टीम अमित राय व मयंक मृणाल सलाहकार द्वारा प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में जनपद के अधिकारियों एवं जनपद स्तर पर उद्यमियों एवं उद्यमी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया। सलाहकार उद्योग बन्धु द्वारा बताया गया कि निवेश मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन एवं उसमें दी जाने वाली 20 विभागों की 119 सेवाएं हेतु कॉमन एप्लीकेशन फार्म के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर, लाइसेन्स, अनापत्ति, अनुमति व अनुमोदन प्राप्त किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ईज ऑफ बिजनेस के लिये सिंगल विण्डो निवेश मित्र पोर्टल प्रारंभ किया गया है।

इस प्रशिक्षण में पर्यावरण विभाग, ऊर्जा, अग्निशमन, आवास, नगर विकास, श्रम, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, राजस्व, वन रजिस्टर फर्म एण्ड सोसाइटीज, बाट-माप, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, आबकारी विभाग, खाद्य एवं औषधि विभाग तथा निदेशक एवं आयुक्त उद्योग के जनपद स्तरीय नोडल/तकनीकी अधिकारियों एवं जनपद स्तर पर उद्यमियों एवं उद्यमी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी प्रतिभाग किया।

## स्टेक होल्डर्स को निवेश व्यवस्था का दिया प्रशिक्षण

बलरामपुर, 05 फरवरी (तरुणमित्र)। शासन एवं जिलाधिकारी, बलरामपुर के निर्देश के अनुपालन में कलेक्ट्रेट सभागार में उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र हर्ष प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सिंगल विण्डो पोर्टल-निवेश मित्र हेतु दिये जाने वाले जिला स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें सभी स्टेक होल्डर्स को निवेश व्यवस्था का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योग बन्धु की टीम अमित राय व मयंक मृणाल सलाहकार द्वारा प्रदान किया गया।

इस प्रशिक्षण में जनपद के अधिकारियों एवं जनपद स्तर पर उद्यमियों एवं उद्यमी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग गया। सलाहकार उद्योग बन्धु द्वारा बताया गया कि निवेश मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन एवं उसमें दी जाने वाली 20 विभागों की 119 सेवाएं हेतु कॉमन एप्लीकेशन फार्म

**○ जनपद स्तर पर उद्यमियों व एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने किया प्रतिभाग**

के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर, लाइसेन्स, अनापत्ति, अनुमति व अनुमोदन प्राप्त किया जा सकता है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ईज ऑफ बिजनेस के लिये सिंगल विण्डो-निवेश मित्र पोर्टल प्रारंभ किया गया है।

इस प्रशिक्षण में पर्यावरण विभाग ऊर्जा, अग्निशमन, आवास, नगर विकास, श्रम, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, राजस्व, वन रजिस्टर फर्म एण्ड सोसाइटीज, बाट-माप, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, आबकारी विभाग, खाद्य एवं औषधि विभाग तथा निदेशक एवं आयुक्त उद्योग के जनपद स्तरीय नोडल/तकनीकी अधिकारियों एवं जनपद स्तर पर उद्यमियों एवं उद्यमी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी प्रतिभाग किया।